47/426/2017

HN 9101 **FIRST TERM-END EVALUATION - 2017-18**

Third Language

HINDI

Score : 40

STD : IX **Time : 1½ hrs**

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> फिर, एक दिन एकाएक, वह गाड़ीवाला दिखाई दिया। पक्षी को बड़ी खुशी हुई। उसने पुकारकर कहा, "गाड़ीवाले! ओ गाड़ीवाले! मैं कब से तुम्हारा इंतज़ार कर रहा था।" पहचानी आवाज़ सुनकर गाड़ीवाला रुक गया। तब पक्षी ने कहा, "देखो, मैंने कितनी सारी दीमकें जमा कर ली हैं।" गाड़ीवाले को पक्षी की बात समझ में नहीं आई। उसने सिर्फ इतना कहा, "तो मैं क्या करूँ।"

1. प्रसंग के अनुकूल तालिका की पूर्ति करें। (4)

स्थान	समय	घटना	पात्र
....	....	....	....
		....	....

2. (क) कहानी के इस अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

अथवा

(ख) निराश पक्षी अपने पिता से मिला। इस प्रसंग पर पक्षी और पिता के बीच का वार्तालाप लिखें।

सूचना : 'टीवी' पटकथा का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गोपू की आँखें फैल रही हैं। टीवी के शीशे पर हल्की-हल्की रोशनी भी फैल रही है। तस्वीरें किसी भी पल दिख जाएँगी। और तभी, बिजली चली जाती है। घुप्प अंधेरा हो जाता है।

3. 'घुप्प अंधेरा हो जाता है।' –वाक्य का तात्कालिक वर्तमानकालिक रूप चुनकर लिखें। (1)

घुप्प अंधेरा हो रही है।

घुप्प अंधेरा हो रहा है।

घुप्प अंधेरा हो रहे हैं।

घुप्प अंधेरा हो रही हैं।

4. बिजली चली जाने के कारण गोपू टीवी देख नहीं पाया। इस अनुभव को वह अपनी डायरी में लिखता है। गोपू की संभावित डायरी लिखें। (4)

5. आशय का विस्तार करें और वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। (2)



सूचना : 'जिस गली में मैं रहता हूँ' डायरी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पानी की बड़ी दिक्कत थी। लोग बड़ी सावधानी से आहिस्ता-आहिस्ता उस पानी को पी रहे थे, लेकिन आखिरकार वे घड़े भी खाली हो गए। ऐसे में गली में रहनेवाले दो दिन और दो रात तक भूखे-प्यासे समय काटते रहे। लेकिन जब प्यास बर्दाश्त नहीं हुई, तो परेशान लोगों ने गली का दरवाज़ा खोल दिया। वे पानी की तलाश में बर्तन लेकर निकल पड़े। लेकिन पानी तो दूर-दूर तक कहीं नहीं था।

6. 'पानी की बड़ी दिक्कत थी' –मतलब चुनकर लिखें। (1)

- पानी बहुत मिलता था।
- पानी की कोई कमी नहीं थी।
- पानी बहुत कम था।

7. इस वाक्य से सर्वनाम चुनकर लिखें। (1)

वे पानी की तलाश में बर्तन लेकर निकल पड़े।

8. गली में पानी की दिक्कत का क्या कारण था? पाठ भाग के आधार पर लिखें। (2)

9. (क) 'दिल्ली में पानी की कमी' विषय पर समाचार तैयार करें। (4)

अथवा

(ख) 'जल का उपयोग बड़ी सावधानी से करना चाहिए' –इस विषय पर लघु लेख लिखें।

सूचना : 'पुल बनी थी माँ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें। नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जब तक जीवित रही माँ
हम बदलते रहे अपने कंधे
माँ आखिर माँ ही तो है
बार-बार हमें कंधे बदलते देख
हमारे कंधों से उतर गई माँ
और माँ के कंधों से उतरते ही
उतर गए हमारे कंधे।

10. 'हम बेसहारा बने' –इस आशय को सूचित करनेवाली पंक्ति लिखें। (1)

11. 'माँ आखिर माँ ही तो है' –इससे आपने क्या समझा? (2)

12. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें। (4)

सूचना : यह कविता पढ़ें और नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

भूख

जब से घर से आया हूँ परदेश
भूखा हूँ
खाना तो खाता हूँ
पर पेट नहीं भरता
घर जाऊँ
माँ के हाथों की रोटियाँ खाऊँ
तो भूख मिटे
कमबख्त ये भूख
माँ बेटे को अलग कर देती है।

-अनुराग अनंत

कमबख्त - ക്രൂരൻ cruel
मिटना - ഇല്ലാതാവുക to be extinct

13. पंक्तियों में 'भूख' को क्या कहा गया है? (1)

14. यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। (1)

घर से दूर रहते समय खाना खाने पर भी भूखा रहता हूँ।

15. कवि और कविता का परिचय देते हुए कविता का आशय लिखें। (4)

सूचना : यह कहानी पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक बार की बात है। खरगोश खाने की तलाश में था। उसने गाजर का एक खेत देखा। वहाँ एक किसान था। खरगोश ने सोचा किसान को मूर्ख बनाकर गाजर खाऊँ। वह किसान के पास गया। बोला, "खेत में चूहा घुस गया है।" किसान बोला, "जाओ, उसे भगा दो।" खरगोश चला गया और गाजर खाने लगा। उसका पेट भर गया तो किसान के पास आकर बोला, "चूहा भाग गया।"

खरगोश - മുയൽ rabit ; चूहा - എലി mouse; गाजर - കാരറ്റ് carrot; भगाना - ഓടിക്കുക to run away.

16. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)
    - खरगोश ने चूहे को भगाया।
    - किसान ने चूहे को भगाया।
    - खरगोश ने किसान को मूर्ख बनाया।

17. कहानी को उचित शीर्षक दें। (1)

18. प्रस्तुत कहानी का खरगोश और 'पक्षी और दीमक' कहानी का व्यापारी, दोनों में कोई समानता है? अपने विचार लिखें। (2)